## खबर संक्षेप

### खापाभाट में निकाली गई बिरसामुंडा की रथ यात्रा

**छिन्दवाड़ा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 01 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक ''जनजातीय गौरव पखवाड़ा'' के अंतर्गत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिलेभर में जनजातीय नायकों के बलिदान, संघर्ष और योगदान को याद करते हुए सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज रविवार को जिले के शासकीय अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास खापाभाट में ''जनजातीय गौरव पखवाड़ा'' के अंतर्गत भगवान बिरसामुंडा की रथ यात्रा निकालकर समाज में जनजातीय संस्कृति, परंपरा, कला और इतिहास से जुड़े गौरव और प्रेरणा का संदेश दिया।

### 3 लाख से अधिक गणना फॉर्म किए जा चुके हैं वितरित

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में गणना फॉर्म वितरण का कार्य निरंतर जारी है। जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर अभी तक 301545 गणना फॉर्म का वितरण बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरण का यह कार्य 04 नवम्बर से प्रारंभ हुआ है, जो आगामी 04 दिसम्बर तक चलेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार आज जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों के अंतर्गत संबंधित ईआरओ/एसडीएम एवं एईआरओ/तहसीलदार द्वारा बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना फॉर्म वितरण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 12 परतला (नगर निगम क्षेत्र छिन्दवाड़ा), त्रिमुर्ति अपार्टमेंट लोनिया करबल सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की गई।

## श्री गणपति मठ का नाम बदलकर हुआ वीर शैव लिंगायत मठ, मामला सवालों के घेरे में

# प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय भूमि को लेकर हो रहे नए-नए खुलासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा **(अजय तावरे)**

कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण हेतु अमरावती रोड पर दान में प्राप्त भूमि को लेकर नए नए खुलासे होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ज्ञात हो कि पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट वैशाली महाले, पूर्व भाजपा नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल, भाजपा के पार्षदों, कार्यकर्ताओं, शहर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा अनेक लोगों ने श्री गणपति मठ को वर्षों पहले दान में प्राप्त भूमि को शासन द्वारा दान में लिए जाने पर आपत्ति दर्ज करते हुए अपना मत जाहिर किया है।




### मठ को आत्मनिर्भर बनाने दी गई थी जमीन

इन सभी प्रतिष्ठित नागरिकों का साफ कहना है कि एक धार्मिक संस्थान को कुछ नीजी लोगों ने संस्थान का खर्च चलाने के उद्देश्य से खेती योग्य भूमि वर्ष 1970 में दान में दी थी। इस भूमि के दान का उद्देश्य श्री गणपति मठ को आत्मनिर्भर बनाना था। इसलिए श्री गणपति मठ संस्था को आत्मनिर्भर बनने के लिए दान दी गई जमीन किसी अन्य को दान देने का कतई अधिकार नहीं है। कुछ लोगों का मानना है कि यदि श्री गणपति मठ संस्थान को दान में प्राप्त भूमि की अब आवश्यकता नहीं रह गई है तो इस भूमि को दान दाताओं के परिजनों को लौटा दिया जाना चाहिए।

### रिकॉर्ड में कैसे बदल गया मठ का नाम?

विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय के प्रस्तावित भूमि को लेकर इस सिलसिले में एक और विवाद की बढोत्तरी हो गई है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शासन के भू अभिलेख में दर्ज इस भूमि का पुराना रिकार्ड विधिवत रूप से सत्यापित कर हासिल किया गया। इसमें खुलासा हुआ है कि वर्ष 1970 में यह भूमि गणपति पिता माधव एवं नागो पिता तुकाराम के नाम शासकीय रिकार्ड में दर्ज थी। इसके बाद सत्र 1970-71 में इस जमीन को नामांतरण प्रक्रिया के बाद श्री गणपति मठ के नाम पर दर्ज किया गया। श्री गणपति मठ के तत्कालीन सरभराकार के रूप में शासन के रिकार्ड में करीब आप्पा जुननकर के नाम का उल्लेख किया गया है। विवाद का विषय यह है कि कुछ बरसों पहले शासन के रिकार्ड में ''श्री गणपति मठ'' के स्थान पर ''वीर शैव लिंगायत मठ उर्फ गणपति मठ'' लिखा होना पाया गया है। अब यह नाम परिवर्तन कौनसे वर्ष में, किस तहसीलदार के आदेश पर और किस आधार पर किया गया है इसकी जांच होना जरूरी है। इसमें ऐसे आरोप लगाने वालों की कमी नहीं है कि तहसीलदार न्यायालय के संज्ञान में लाए बिना किसी पटवारी ने शासकीय भू अभिलेख में अवैध रूप से छेडछाड कर ''श्री गणपति मठ'' के स्थान पर ''वीर शैव लिंगायत मठ उर्फ गणपति मठ'' लिख दिया है।

### एकल फोटो को लेकर विवाद, उपपंजीयक कार्यालय की भूमिका संदेहास्पद

इसके बाद शासन द्वारा श्री गणपति मठ के भूमि के दान बाबत स्थानीय उपपंजियक कार्यालय में जो रजिस्ट्री कराई गई उसमें सिर्फ मठ के सरभराकार की भूमि के साथ एकल फोटो संलग्न की गई है। बीते सालों में उपपंजियक कार्यालय में सैकडों रजिस्ट्रियां हुई है लेकिन हर रजिस्ट्री में जमीन लेने और देनेवाले की उस जमीन पर खडे होकर ली गई संयुक्त फोटों संलग्न की गई है। इस प्रकार इस भूमि की रजिस्ट्री में संलग्न एकल फोटो को लेकर भी विवाद गहरा गया है।

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में न्यायाधीशगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरागलीगल वालेंटियर्स एवं विधि विद्यार्थियों, खेल विभाग के कर्मचारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण की उपस्थिति में न्याय के लिए दौड़ कार्यक्रम के अंतर्गत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा हुद्दार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मैराथन दौड़ दल न्यायालय परिसर से ई.एल.सी. चौक, जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा, फव्वारा चौक, जेल तिराहा से वापस एम.एल.बी. स्कूल मार्ग से होते हुए वापस जिला न्यायालय छिंदवाड़ा पहुंचा। मैराथन दौड़ में न्यायाधीशगण, शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा, सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के विधि विद्यार्थी, पैरालीगल वालेंटियर्स, एल.ए.डी.सी.एस., खेल विभाग के कर्मचारीगण स्टॉफ तथा कर्मचारीगण ने सहभागिता की। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश छिंदवाड़ा सुधीर मिश्रा, जिला न्यायाधीशगण प्रेमपाल सिंह ठाकुर, श्रीमती तृप्ति पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत हो रही जन जागरण गतिविधियां

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमती तृप्ती सिंह, श्रीमती लता नागले, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के सहयोग से विकासखण्ड छिंदवाडा के ग्रामों में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत आज सेक्टर क्रमांक- 1 के ग्राम पंचायत बनगांव में एमएसडब्ल्यू के छात्र व छात्रा चितेश डेहरिया, रोशनी खंडाते, मयुर पटेल, रिचा चौहान, शीतल श्रीवास के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनगांव में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

ग्राम कुहिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे मे चर्चा की गई, समिति द्वारा किए जा रहे उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा समिति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में आज महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सहभागिता कर वहां उपस्थित महिलाओं को सशक्तिकरण एवं शासन की योजनाओं, स्व सहायता समूह, स्वरोजगार आदि अन्य जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुहिया के अध्यक्ष, सदस्यगण सहित स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। साथ ही बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष की छात्रा सपना ने भी इस कार्यक्रम में सहभागिता कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आबकारी व पुलिस की दबिश, एक हजार लीटर महुआ लाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में गत दिवस वृत चौरई क्षेत्र में आबकारी विभाग एवं चांद पुलिस स्टाफ की टीम के द्वारा वृत के ग्राम थावडी, कुहिया, धगडिया, पिण्डरई व टाप में दबिश की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब बनाने के लिए तैयार की गई लगभग 1000 किलोग्राम महुआ लहान और महुआ की कच्ची शराब उतारने वाली देशी चालू भट्ठी एवं 30 लीटर अवैध हाथ भट्ठी कच्ची शराब बरामद की गई । चालू भट्ठी को मौके पर नष्ट किया गया तथा महुआ लाहान का सैंपल लेकर शेष महुआ लहान मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), 34(1) (च) के तहत प्रकरण कायम किया गए। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुमारी भारती गौड़ एवं आबकारी आरक्षक सुश्री भारती मरकाम उपस्थित थीं।

### पुलिस ने नाबालिग बालक और बालिका को ढूंढ निकाला

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देश में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशनुसार आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालक बालिका की दस्तयाबी हेतु विशेष दिशा निर्देश दिये गये निर्देशो के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग चौरई छिंदवाडा भारती जाट एवं थाना प्रभारी सतीश उड़के के कुशल मार्गदर्शन निर्देशन में टीम गठित की गयी गठित टीम द्वारा अपराध से संबंधित नाबालिक बालिका की दस्तयाबी हेतु सायबर सेल छिंदवाडा की मदद से कार्यवाही करते हुए आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत अप.क्र. 253/23 धारा 363 भादवि की दो वर्ष से लापता अपहृता को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। अपराध क्र. 253/23 धारा 363 भादवि के तहत अपहृता को थाना क्षेत्र बिछुआ मे दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। बालिका की सकुशल घर वापसी/बरामदगी से परिजनों में खुशी की लहर है।

## एसडीएम ने किया गणना पत्रक के वितरण कार्य का निरीक्षण




**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में सआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के अंतर्गत गणना फार्म वितरण का कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र-123 अमरवाड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक-343 में एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे द्वारा बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर वितरित किये जा रहे गणना पत्रक के वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया।

## पक्षियों को देख और चहचहाहट सुन रोमांचित हुए युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चित्तीदार कबूतर, जंगली कौआ, इंडियन रॉबिन, इंडियन रोलर, जंगली बबलर, कॉपर स्मिथ बारबेट, प्लम हेडेड तोता, गुलाब रिंग तोता, काला ड्रोंगो, हरा मधुमक्खी भक्षक, ऐशी प्रिनिया, दर्जी पक्षी, बैंगनी सनबर्ड, शिकरा, भारतीय पेराडाइज, फ्लाईकैचर, लाल वॉटल्ड लैपविंग आदि यह वह पक्षी हैं, जिन्हें देखकर रविवार प्रातः शहर के युवा बेहद उत्साहित हो गए। मौका था पोआमा नर्सरी में बर्ड वॉक का, इसमें बड़े उत्साह से युवा वर्ग ने भाग लिया। पक्षियों की चहचहाहट सुनकर युवाओं का मन प्रफुल्लित हो गया। छिंदवाड़ा जिला प्रशासन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, आटवी बर्ड फाउंडेशन और जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सयुंक्त प्रयासों से रविवार प्रातः छिंदवाड़ा की पोआमा नर्सरी में बर्ड वॉक का आयोजन किया गया।

## किसानों को भरपूर खाद उपलब्ध कराने सरकार कटिबद्ध : सांसद

### सांसद ने कुसमेली मंडी में किया नगद खाद वितरण केन्द्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में कृषि और किसानों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। रबी सीज़न के लिए भरपूर खाद उपलब्ध कराने भाजपा सरकार कटिबद्ध है। किसान भाईयों को खाद प्राप्त करने में दिक्कत न हो, इसके लिए खरीदी केंद्र बढ़ाए गए हैं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कुसमेली मंडी में नगद खाद वितरण केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कही।

सांसद श्री साहू ने रविवार को कुसमेली स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड छिंदवाड़ा के नगद रासायनिक खाद वितरण केंद्र का शुभांरभ किया।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि किसानों को समय पर और पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में खाद वितरण केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है, हाल ही में हर्रई एवं जुन्नारदेव में एक-एक नगद खाद वितरण केन्द्र खोलने की स्वीकृति मिल चुकी है। अन्य क्षेत्रों में भी नए खाद वितरण केन्द्र खोलने के प्रयास किए जा रहे है, खाद वितरण केन्द्रों की संख्या बढ़ जाने से किसानों को खाद लेने के लिए लंबा सफर और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, अलकेश लांबा, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जीत सिंह ठाकुर, अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला, राजेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी तथा मार्केटिंग सोसायटी के प्रशासक मोहम्मद आरिफ कुरैशी के अलावा सहकारिता विभाग, कृषि उपज मंडी के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पशु पोषण के लिये चरी-चारा एवं सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान के लिये पशुपालकों को दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार के साथ संचालनालय भोपाल के डॉ.प्रखर भार्गव द्वारा आज जिले के विकासखण्ड परासिया के ग्राम कुंडालीकला के पशुपालक श्री बंटी हिबसे से चरी-चारा एवं सेक्स सॉर्टेड सीमन से क्रृत्रिम गर्भाधान कराने के संबंध में चर्चा की और अधिक अच्छा कार्य करने के लिए पशुपालकों को क्या सहायता दी जाये के संबंध में भी चर्चा की गई ।

पशुपालक श्री बंटी हिबसे के द्वारा बताया गया कि मेरे खेत में विभिन्न किस्मों के नेपियर घास लगा हुआ है, जिसे चेफ कटर से काटकर दुधारू पशुओं को खिलाया जा रहा है। जिससे दुग्ध उत्पादन में वध्दि हुई है। साथ ही प्रतिदिन एक से दो किलो खली-चुनी की भी बचत हो रही है । ग्राम मानियाखापा के श्री कमलेश माहोरे के यहां बरसीम लगाई गई है, जिसका निरीक्षण किया गया ।

विकासखण्ड चौरई के ग्राम बांकानागनपुर के पशुपालक श्री मंथन चौधरी के द्वारा हरा नेपियर घास एवं लाल नेपियर लगाया गया है, जिसको चैफ कटर से काटकर पशुओं को खिलाया जा रहा है। साथ ही एन.एल.एम. योजना के अंतर्गत 500 बकरी एवं 25 बकरों का बकरीपालन फार्म बनाया गया है, जिसकी लागत 01 करोड है, जिसमें 50 लाख की अनुदान शासन द्वारा दिया गया है।

### सांसद-महापौर ने दी टयूबलर स्ट्रीट लाइट की सौगात

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा शहर के विभिन्न वार्डों में नगरपालिक निगम के माध्यम से 48 लाख की लागत से टयूबलर स्ट्रीट लाईट लगाये गये है। जिसका रविवार को सांसद बंटी विवेक साहू और महापौर विक्रम अहके ने विधिवत लोकार्पण किया। विदित हो की सांसद बंटी विवेक साहू से छिन्दवाड़ा शहर के जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों द्वारा लम्बें समय से उनके वार्डों में स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की जा रही थी। इस संबंध में सांसद श्री साहू ने महापौर विक्रम अहके से चर्चा करते हुये शहर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए कहा था। नगरपालिक निगम ने अपने निधि से विभिन्न वार्डों में टयूबलर स्ट्रीट लाईट लगवाये है। वार्डों में टयूबलर स्ट्रीट लाईट लग जाने से वार्डों में रौशनी हो गई है। जिससे वार्डवासियों को वार्डों में निवास करने और आवागमन करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, ओम पटेल, रमाकांत पटेल, जगेन्द्र अल्डक, संजय सक्सेना, श्रीमती गरीमा दामोदर, रिजवान कुरैशी, विश्वेन्द्र बैस, शशांक चंदेल सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### सांसद ने सांसद खेल महोत्सव को लेकर ली महत्वपूर्ण चौथी बैठक

## सांसद खेल महोत्सव में निखरेगी जिले की खेल प्रतिभाएं : सांसद साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट एवं खेलों इंडिया के माध्यम से जिले सहित प्रदेश और देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सांसद श्री साहू ने रविवार को उक्त आयोजन में शामिल सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण चौथी बैठक ली। जिसमें दोनों जिलों में सांसद खेल महोत्सव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

सांसद खेल महोत्सव को लेकर आयोजित इस चौथी बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू बताया कि मध्यप्रदेश में छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिला खिलाड़ियों के पंजीयन में नंबर 1 एवं देश में सातवे नंबर पर है। दोनों जिलों के लगभग 1 लाख 74 हजार खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन कराने से छुटे हुए खिलाड़ी अभी भी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### एक माह तक दोनों जिलों में आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने बताया कि दोनों जिलों में 22 नवंबर से 22 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 22 नवंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा एवं एक माह तक दोनों जिलों में खेल गतिविधियों के बाद 22 दिसंबर को इसका समापन किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से खेल मंत्री विश्वास सारंग मौजूद रहेंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ट के जिला संयोजक अंकित सोलंकी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा बनाई गई वेबसाइट और क्यूआर के माध्यम से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के 1 लाख 74 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। छुटे हुए खिलाड़ी अभी भी अपना पंजीयन करा सकते है।

### 32 विभिन्न खेल गतिविधियों का होगा आयोजन

छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 22 नवंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में 32 प्रकार की विभिन्न खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है। सांसद श्री साहू ने बताया कि यह आयोजन मंडल, वार्डों, ग्रामीण क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों, विकासखंडों एवं जिला स्तर तक आयोजित किया जाना है। जिसमें जहा खिलाड़ियों को विभिन्न खेल गतिविधियों में खेलने का अवसर मिलेगा वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी दिया जाएगा। सांसद श्री साहू ने अपील की है कि दोनों जिलों के प्रतिभागी सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर आगामी ओलंपिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में जिले का प्रतिनिधित्व करे।

## कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर की चर्चा

# जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट जबलपुर में 15 नवम्बर को प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह, आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री श्रीमन शुक्ला, आईजी श्री प्रमोद वर्मा, डीआईजी श्री अतुल सिंह, कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।





बैठक में जबलपुर, रीवा, शहडोल व सागर संभाग के कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी वर्चुअली रूप से जुडे थे। इस दौरान कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री हरेंद्र नारायन वीसी से जुडे.थे एवं सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग श्री उमेश सातनकर सहित छिंदवाड़ा जिले के संबंधित अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में उपस्थित थे। जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में होगा। मंत्री श्री शाह ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम की सभी समुचित तैयारियां सुनिश्चित करें और हमारी सरकार ने जनजातीय बंधुओं के लिए जो कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं उन्हें प्रदर्शनी के माध्यम से दिखायें। उन्होंने कहा कि जनजातीय धर्मगुरूओं, विदेशों में अध्ययनरत जनजातीय बच्चे जिन्हें शासन का सहयोग प्राप्त हुआ है, उनके साथ पद्मश्री, पदमविभूषण जैसे पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति, औद्योगिक व खेल क्षेत्र विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को भी कार्यक्रम में सहसम्मान आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनजातीय बंधुओं को लाने के लिए बसों की समुचित व्यवस्था हो। साथ ही ट्रायबल होस्टल में रहने वाले कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मंत्री श्री शाह ने कहा कि जबलपुर में कला यात्रा निकलेगी। इस अवसर पर 11 नवम्बर से जिले में चार गौरवरथ भी चलेंगे। समारोह के दौरान आदि कर्मयोगी की उपलब्धियां तथा सिकल सेल उन्मूलन के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में लघु फिल्म दिखाई जायेगी।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे, अतः कार्यक्रम की गरिमा बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। बैठक में वनाधिकार से लाभांवित हितग्राहियों के साथ जनजातीय संरक्षण के लिए आयोजित लोक कला व सांस्कृतिक मेला के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए परिजनों को भी आमंत्रित किया जाये। आयुष्मान योजना अंतर्गत गंभीर बीमारी के इलाज में मिली सफलता का जिक्र भी ऐसे अवसर पर होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# रोप स्कीपिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सांसद ने बांटे पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन छिंदवाड़ा नगर के ओलंपिक स्टेडियम में 9 नवंबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों ने पार्टिसिपेट किया। मुख्य रूप से जबलपुर भोपाल तथा छिंदवाड़ा जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेख रहा। खिलाड़ियों के उत्सहवर्धन हेतु छिंदवाड़ा पांढुर्णा के सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष रोप स्किपिंग संगठन श्री परमजीत सिंह विज जी, श्री इंद्रजीत सिंह बैस जी, श्री रविकांत अहिरवार जी ,श्री राजू नरोट जी, श्री रिजवान कुरैशी जी ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया और अपने हाथों से खिलाड़ियों को पुष्कृत किया। साथ ही सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी ने कहा कि यह खेल स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है और खिलाड़ी तन मन लगाकर इसमें प्रदर्शन करें। उनकी ओर से जो भी संभव होगा खिलाड़ियों के विकास के लिए सहयोग किया जाएगा।

# श्री सुन्दरकाण्ड ग्रुप ने आयोजित किया मेघा सिवनी में सुंदरकांड का महापाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा चंचलेश मेखलगाय जी एवं मित्रमंडल के तत्वावधान में खेड़ापति माता मंदिर दरबार,ग्राम मेघा सिवनी, छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार, अक्षय ठाकुर, अंश पटेल, कैलाश उइके,पलक उईके, अनय कसार, प्रदीप भारती, कमलेश सूर्यवंशी, परमजीत सिह, संतोष वंशकार, रानू साहू, वंश झरवड़े, अंकित शर्मा, शिव सिकन्दरपूरे, सचिन साहू, विक्की नोथानी, प्रणय सातनकर, शिवांश चौधरी, दशरथ वर्मा, उमेश वंशकार, जित्तू यादव, सोनू जी, जय चंद्रवंशी, संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार, प्रवीन तिवारी, प्रशांत तिवारी, प्रतीक चोवितकर, राहुल बातरे, मैउयर गोशामी, दिलीप चौधरी, साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय, प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर, अर्जुन ठाकुर, दीपक यादव, पप्पू वंदेवार, बलराम वंदेवार, अतुल विश्वकर्मा, आदेश मिश्रा, दुर्गेश चंदेल, राहुल निर्मलकर, दिवाकर मालवीय, राम शुक्ला, अभिषेक ठाकुर, हर्षित पटेल, शिवा पटेल, शेंकी पटेल, नयन पटेल जी, गौरब पटेल, चंचलेश मालवीय, गौरव-सौरव मर्सकोले, अंकित वसूले, मनोहर रघुवंशी, हर्षित साहू, नितेश नागवंशी,अनित साहू, विनय सानोडिया एवं समस्त साहू परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बेटियों को बचाने छात्रों को आगे आना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम माध्यमिक शाला स्कूल सारना मे महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा के कर्मचारियों एवं प्राचार्य माधुरी बैस , साधना मिश्रा,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, बेड टच गुड टच, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा जिससे महिला एवं नाबालिग बालक अपने आपको सुरक्षित महसूस कर अच्छी शिक्षा के साथ अच्छा केरियर बना सके।

# छात्रों का डीपीएस फेस्ट नागपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**पांढुर्णा।** कल नागपुर में दिल्ली पब्लिक स्कूल के डीपीएस फेस्ट 2025 का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस फेस्ट में कराई गई प्रतियोगिताओं में राम शांति विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। भगवद् गीता श्लोक गायन में याशिका मदने एवं अदिति पराड़कर तृतीय स्थान, संस्कृत गीत गायन में याशिका पराड़कर एवं ओजस्विता मोरे ने द्वितीय स्थान, कहानी वाचन में कल्पित पराड़कर को तृतीय स्थान, हायकिगा में काव्या पराए को तृतीय स्थान, केलिडियोस्कोप मे ख्वाहिश गोलाइत को प्रथम स्थान एवं राशि मांडवे को द्वितीय स्थान, व्हेन स्टोरीज केलीड में नायसा अग्रवाल द्वितीय स्थान एवं मेहुल पाठेकर प्रथम स्थान, फेवरेट स्टोरी बुक कैरेक्टर में तनिष्का भादे प्रथम स्थान एवं प्रियांशी बारई तृतीय स्थान पर रहे। शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले एवं समस्त स्टाफ ने विजयी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि बने राकेश रामटेक्कर

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि राकेश पिता अरुण रामटेक्कर को मनोनित किया है। वर्तमान में राकेश रामटेक्कर भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। सांसद प्रतिनिधि के रूप में वे नगर परिषद की बैठकों में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद की दूरदर्शिता है कि वे लगातार बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रतिनिधि के तौर पर काम करते हुये नगर विकास के लिये महत्वपूर्ण कार्य किया जायेगा। उन्होंने मुझे प्रतिनिधि बनाया इसके लिये बधाई के पात्र हैं।



क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राकेश रामटेक्कर पार्टी के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति से नगर में भाजपा की गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

### सांसद प्रतिनिधि बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

लांजी नगर परिषद के राकेश रामटेक्कर को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इस बात की जानकारी देते हुए भाजपा के वरीय कार्यकर्ता एवं विधायक प्रतिनिधि गौरव बैश ने रविवार को बताया कि बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी ने राकेश रामटेक्कर को लांजी नगर परिषद का सांसद प्रतिनिधि बनाया है। राकेश रामटेक्कर को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद श्रीमती भारती पारधी को बधाई दी है।

## किसानों और ग्रामीणों को लो-वोल्टेज की समस्या से मिलेगा निजात

# उपकेंन्द्र लखनवाड़ा में लगा नया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटंगी के उपकेंद्र लखनवाड़ा में ट्रांसफार्मर की क्षमता में विस्तार करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसका बेहतर लाभ उपकेंन्द्र के अधीन आने वाले करीब 15 से अधिक गांवों के किसानों और बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से सिरपुर, सेलवा, सावंगी, जाम, अगासी, आगरी, लखनवाड़ा, अतरी, कलगांव, बहाकल, नंदलेसरा, बड़गांव, खजरी, चिकमारा, बोपली, उमरी, कोसमी, वरुड जैसे गांव के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इन गांवों में जो लो-वोल्टेज की समस्या से बनी रहती थी. नया ट्रांसफार्मर लगने से उससे निजात मिलेगा। रविवार को उपकेंद्र लखनवाड़ा में पहुंचे किसानों और उपभोक्ताओं ने इस बात का दावा किया है। उन्होंने नए ट्रांसफार्मर लगने पर हर्ष व्यक्त किया। असल में गत वर्ष रबी के सीजन में अचानक से बिजली की डिमांड बढ़ गई और बिजली विभाग किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मुहैया नहीं करवा पाया जिस कारण रबी के सीजन में सिंचाई कार्य प्रभावित हुआ था जिसका असर फसल उत्पादन पर पड़ा था। किसानों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग ने उपकेंद्र में नया ट्रांसफार्मर लगाने की योजना बनाई और अब इसे मूर्त रुप भी दे दिया है। पहले लखनवाड़ा में 3.15 मेगावॉट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था अब इसके स्थान पर 5 मेगावाट का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है।

ग्रामीणों की माने तो पूर्व में लो-वोल्टेज की समस्या के कारण घरों में बिजली से जुड़े उपकरण खराब हो रहे थे। गर्मी के दिनों में पंखे इतने धीरे चलते थे कि हवा तक नहीं आती थी कूलर तो बंद ही रखने पड़ते थे। बिजली से जुड़े उपकरण तेजी से गर्म होकर खराब हो जाते थे। इन घरेलू समस्याओं के अलावा किसानों के साथ बहुत परेशानी होती थी। खेतों में सिंचाई का काम ना सिर्फ प्रभावित होता था बल्कि मोटर पंप भी खराब होते थे जिससे किसानों को दोहरी क्षति होती थी। खैर, अब नया ट्रांसफार्मर लगने से इन समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद जागी है।

# पिंडकेपार में सामाजिक अंकेक्षण प्रारंभ, ग्राम सभा में लेखा जोखा होगा प्रस्तुत

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** सरकार के द्वारा संचालित योजनाओ का मापदंडो अनुरूप व पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन हो । निमार्ण कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण करना तथा हितग्राही लाभान्वित हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए शासन के द्वारा समय-समय पर सामाजिक अंकेक्षण किया जाता है। इसी उद्देश्य के तहत जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिंडकेपार में 8 नवंबर से सामाजिक अंकेक्षण की टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में मनेरेगा सहित अन्य शासन की योजनाओ से किए गए निर्माण कार्यो का सोशल आडिट किया जा रहा है। सोशल आडिट 8 नवंबर से शुरू किया गया है जो 12 नवंबर तक किया जाएगा ,जिसके बाद ग्रामसभा आयोजित कि जायेगी जिसमें लेखा जोखा पेश किया जाएगा । सामाजिक अंकेक्षण करने वाले टीम के पदाधिकारी वीसीए ने बताया की ग्राम पंचायत में वर्ष 2024 - 25 में किए गए हितग्राही मूलक कार्य एंव सामुदायिक कार्य जिसमें खेत तालाब, पीएम आवास, कुप निर्माण,सीसी सड़क, परकूलेशन टेंक, सी.सी नाली, सहित अन्य निर्माण कार्यो का भौतिक सत्यापन एंव दस्तावेज की जांच की जा रही है।जिसके बाद 14 नवंबर को विशेष ग्राम सभा बुलाकर ग्रामवासीयो के समक्ष लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। सोशल आडिट कराने में पंचायत के पदाधिकारी भी सहयोग प्रदान कर रहे है। ग्राम पंचायत के कर्मचारी ने बताया की पंचायत में सोशल आडिट शूरू है । अंतिम दिवस 14 को ग्रामसभा होगी ।



# मुस्कान गोखले का राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए चयन

**वारासिवनी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर 2025-26 अनुसार राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर में किया गया है। जिसके लिए शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी की छात्रा कुं0 मुस्कान गोखले एम0ए0 प्रथम वर्ष पिता दुर्गा प्रसाद का चयन हुआ हैं। ज्ञात हो कि शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित संभाग स्तरीय महिला बास्टेकटबाल प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन के आधार पर मुस्कान गोखले का चयन राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं।



## न्यायाधीश ने छात्राओं से किया संवाद, छात्रावास का किया निरीक्षण

# कन्या छात्रावास से हुई न्यायोत्सव की शुरूआत





**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिलाध्यक्ष विविध सेवा समिति प्राणेश कुमार प्राण और सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 09 से 14 नवम्बर 2025 तक जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से 'न्यायोत्सव' विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन सामान्य को कानूनी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में व्यवहार न्यायालय कटंगी ने रविवार को जाम के आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास से न्यायोत्सव की शुरूआत की। न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर ने दोपहर डेढ़ बजे छात्रावास पहुंचकर सबसे पहले छात्रावास का निरीक्षण किया। जिसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कर न्यायोत्सव की शुरूआत की गई। इस मौके पर छात्रावास अधीक्षिका अनिता सोनी भी मौजूद रही।

न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा ठाकुर ने गुड टच और बेड टच की जानकारी देते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति ऐसा करने तो सबसे पहले आवाज उठानी है। अपने माता-पिता को ऐसे व्यक्ति की जानकारी देनी है ऐसा बिल्कुल भी नहीं सोचना है कि माता-पिता को बताने पर आपकी पढ़ाई बंद करा दी जाएगी। ऐसा नहीं होगा बल्कि परिवार के लोग आपकी मदद करेंगें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग बेहद सावधानी से करना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छात्राओं को पार्क्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा की भी जानकारी दी। वहीं कानून की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से न्याय के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाया जा सकता है। उन्होंने लॉ की पढ़ाई के बारे में बेहद विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन को सफल बनाने में न्यायालयीन कर्मचारी समीर बिसेन, देवेन्द्र ठाकरे, संतोष पटले, कोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, सना खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मेहनत से पढ़ाई करने वालों को सफलता जरूर मिलती है-विवेक पटेल

# डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई शीतल ठाकुर को विधायक पटेल ने किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रतिभाएँ सीमाओं में नहीं बंधती, यह नगर एवं गांव की एक बेटी ने साबित कर दिया हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2023 में आयोजित एमपीपीएससी परीक्षा के परिणाम घोषित किये है। जिसमें वारासिवनी से लगी हुई ग्राम पंचायत वारा की निवासी शीतल ठाकुर का डिप्टी कलेक्टर के पद पर और ग्राम भेंडारा की सुरभि सुलाखे का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। शीतल ने अपनी कड़ी मेहनत और परिवार के समर्थन से यह मुकाम हासिल किया हैं, वही शीतल पिता प्रकाश ठाकुर अभी घंसौर में सीईओ के पद पर पदस्थ हैं। उनके पिता प्रकाश ठाकुर वारासिवनी उपजेल में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वही नायब तहसीलदार के पद पर चयनित सुरभि सुलाखे के पिता किसान हैं, जो खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

परीक्षा परिणाम की जानकारी मिलने बाद वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल अपने समर्थकों के साथ उनके निज निवास पर पहुंचे। उन्होंने शीतल और उनके माता-पिता का शाल श्रीफल से सम्मान कर उन्हें बधाई प्रेषित की। इस दौरान जेल अधीक्षक अभय वर्मा, अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार, हरि क्षीरसागर, सोमू शुक्ला, अनीश बेग, भारत सिंह वरकड़े, अश्वनी कुमार, लक्ष्मी राय, राहुल कोकोटे, संदीप वट्टी, विक्रम मर्सकोले मौजूद रहे।



विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे प्राप्त करने का संपूर्ण प्रयास करना चाहिए। हमारे शहर की बेटी, जो इस समय घंसौर में सीईओ के पद पर पदस्थ है, उनका डिप्टी कलेक्टर के पद चयन हुआ हैं। खुशी की बात है कि उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की हैं। उसके साथ ही ग्राम भेंडारा निवासी श्यामलाल सुलाखे की बेटी सुरभि सुलाखे का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। इससे हमारे नए बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। जब से मैं विधायक बना हूं, कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों का सम्मान करता हूं, ताकि उनका हौसला बढ़े और अपने जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में एक शासकीय लाइब्रेरी खोली जायेगी, जिसका प्रयास जारी हैं। ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चों को अध्ययन करने में सफलता हासिल हो।

**एक ही लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर सफलता हासिल की:** अपनी सफलता के संबंध में चर्चा करते हुए शीतल ठाकुर ने बताया कि उन्होंने एमपीपीएससी की प्रथम परीक्षा वर्ष 2022 में दी थी। जिसमें उन्होंने सफलता हासिल की थी और उनकी सिवनी जिले के घंसौर में जनपद पंचायत में सीईओ के पद पर नियुक्ति मिली थी। उन्होंने एमपीपीएससी 2023 की परीक्षा भी दी थी, जिसका परीक्षा परिणाम घोषिता हुआ है, जिसमें वह डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चयनित हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने गॉधी विद्या मंदिर वारासिवनी से 12 वीं और मानकुँवर कालेज जबलपुर से बी ए उत्तीर्ण किया है। उनका प्रथम लक्ष्य पीएससी की परीक्षा उत्तीण करना था। जिसके लिए उनके द्वारा प्रतिदिन 12 घंटे की पढ़ाई की गई। सोशल मीडिया व मोबाईल से दूरी बना कर रखी गई और पूरा ध्यान परीक्षा की तैयारी में लगाया गया। इस काम में उनके माता-पिता व शिक्षकों का उनको भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने उनका सम्मान करने वाले विधायक विवेक विक्की पटेल सहित उनके साथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी सफलता में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति वह दिल से आभारी है। उन सभी को वह धन्यवाद देती है।

## खबर संक्षेप

### कार-बाइक की टक्कर युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के गणेश चौक में रविवार को सुबह कार और बाइक की टक्कर हो गई जिसमें बाइक में सवार एक 17 वर्षीय युवक भी घायल हुआ है। कारक्रमांक एमपी 50 जेई 2987 और बाइक की टक्कर के बाद काफी देर तक के वाहन सडक़ पर ही पड़े रहे जिसके चलते उक्त संकीर्ण मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा और काफी देर तक जाम भी लग रहा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपूत कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय पटले युवक के घायल होने की सूचना मिली है। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। युवक के पैर में गंभीर चोट आना बताया गया है।



# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। आगामी 12 नवम्बर को जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हितलाभ वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता ने पॉलिटेक्निक मैदान एवं हेलीपेड का निरीक्षण किया।** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर आगंतुकों के स्वागत, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, मंच सज्जा, बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता तथा सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा निर्देश देकर समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं समयबद्ध ढंग से हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वयपूर्वक कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाली लाड़ली बहनों तथा अन्य आगुन्तको के लिए बैठक की व्यवस्था, पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, एडीएम सुश्री सुनीता खंडायत सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# तेल के डब्बे से भरा ट्रक पलटा



**रविवार को सुबह बरघाट थाना अंतर्गत बहरई गांव से 1 किमी दूर खुलडोडी नाले के मोड़ पर लोडेड ट्रक वाहन एमपी 16 एच 1326 तेज रफ्तार से बालाघाट की ओर जा रहा था मोड़ पर पलट गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राहगीरों ने बताया कि ट्रक वाहन तेज रफ्तार से दौड़ रहा था ड्राईवर की लापरवाही के चलते वाहन वाहन पलटना बताया जा रहा है ट्रक तेल के डब्बे से भरा हुआ था। ट्रक पलटने से तेल रोड़ पर बह रहता रहा।

# दुर्घटनाओं की स्थिति में बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर तकनीक पर डायल 112 के स्टॉफ को दो दिवसीय प्रशिक्षण

सिवनी पुलिस नियंत्रण कक्ष सिवनी द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व उपनिरीक्षक अजीत पटेल के द्वारा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, दुर्घटनाओं आदि की स्थितियों में घायल हुए व्यक्तियों की जीवन को सुरक्षित करने व 108 एम्बुलेंस सेवा अथवा चिकित्सालय पहुंचने के बीच लगने वाले समय के बीच क्या करें, क्या न करें और प्राथमिक उपचार के साथ साथ बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम के तहत सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के संबंध में डायल 112 में तैनात पुलिस बल व पायलेट्स को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही उक्त तकनीक पर अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी से डॉ. मोना भलावी, डॉ. तनु बंदवार, डॉ. पवन राहंगडाले, डॉ. शुभम राय, डॉ. मुस्कान गौतम, डॉ. मेघा सिंहा, डॉ. मुस्कान भारद्वाज द्वारा संबोधित किया गया। साथ ही घायल व्यक्तियों की जीवन सुरक्षा हेतू फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में गोल्डन हॉर्स (शुरूवाती घंटे) में संवेदनशीलता और आपात स्थिति में बुद्धिमता और कार्यकुशलता से किस प्रकार कार्य करें,हेतू जानकारी दी गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण में 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।



### कुएं मे मिला 70 वर्षीय वृद्ध का शव

सिवनी जिले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छिंदवाहा ग्राम के एक कुएं से 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। यह घटना सुबह लगभग 7.30 बजे सामने आई, जब कुछ ग्रामीण कुएं से पानी लेने गए थे।
जानकारी के अनुसार, छिंदवाहा के समीप स्थित कुएं से पानी लेने गए लोगों ने कुएं के अंदर एक व्यक्ति का शव देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद किंदरई पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कुएं से बाहर निकलवाया।

# चलती बसों में चोरी करने वाली दो शातिर महिला चोर को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं।

इसी क्रम में थाना बरगी जिला जबलपुर में हुई चोरी की एक घटना का खुलासा कोतवाली सिवनी पुलिस ने किया है।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 07/11/2025 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रात्रि में जबलपुर से नागपुर जाने वाली मुजाहिद बस क्रमांक एमपी 20पीए1770 में दो महिलाएं नागपुर का टिकट लेकर बैठी है जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है सूचना पर मुजाहिद बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1770 में सवार संदिग्ध महिला वशोदा लोंडे एवं सुधा गायकवाड़ के बैगों की तलाशी समक्ष गवाहों के ली गई।
उक्त दोनों संदिग्ध महिलाओं के बेग से 01-01 प्लास्टिक की डिब्बी में सोने चांदी के जेवरात बरामद हुआ जिनसे सोने चांदी के जेवरातों के संबंध में पूछताछ करने पर कोई




दस्तावेज नहीं होना एवं चलती बस में एक महिला के बैग से सोने चांदी के जेवरात चोरी करना बतायी जिसकी विधिवत जप्ती किया गया एवं दोनों महिला आरोपियों का कृत्य धारा 35(1-2) बीएनएसएस, 305(2) बीएनएस का पाये जाने से का पाये जाने से अभिरक्षा में लेकर परिवाद कायम कर माननीय न्यायालय के समक्ष परिवाद पेश किया गया एवं गिरफ्तार महिला आरोपी एवं जप्तशुदा सोने चांदी के जेवरात के संबंध में जिले के समस्त धाना एवं आसपास के जिले में सूचना दी गई जो उक्त मसरुका के संबंध में पूर्व में थाना बरगी जिला जबलपुर अपराध दर्ज होने से आरोपिया एवं जप्तशुदा मसरुका को प्रदाय किया जाने हेतु लिखित आवेदन प्रस्तुत कर उक्त दोनों आरोपिया एवं जप्तशुदा मसरुका को थाना बरगी जिला जबलपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है।
जाप्तीः- प्लास्टिक की 02 डिब्बी में सोने चांदी के जेवरात
**गिरफ्तार महिला :** यशोदा लोंडे पति विजय लोडे उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कन्हान थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र। 2. सुधा गायकवाड़ पति कृष्णानंद गायकवाड़ उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कन्हान थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र।
**विशेष भूमिकाः-** निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, सउनि जयदीप सेंगर, आर. सुधीर डहेरिया, म.आर. ममता गजभिये की विशेष भूमिका रहीं है।

# डुण्डासिवनी पुलिस की जुआ पर रेड कार्यवाही, 6 आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जुआ सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के हेतु सख्त है जिनके कुशल नेतृत्व मे जुआडयो व सटोरयो व सख्त कारवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 07.11.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत जगदंबा सिटी के पीछे खाली मैदान में जुआ चल रहा है, जिसमें कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 06 जुआडिओ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 5040/- रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्ती की गई आरोपियो के विरुध्द अपराध क्रमांक 518/25 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। नाम पकडे गये जुआडियो- जमील पिता इस्माईल खान उम्र 50 साल नि. गांधी वार्ड सिवनी 02. सईम पिता करीम खान उम्र 34 साल नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी 03. समीर पिता खलील खान उम्र 46 साल नि. शहीद वार्ड सिवनी 04 शकील पिता हयात खान उम्र 46 साल नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी 05. शब्बीर पिता इब्राहिम खान उम्र 48 साल नि. गुरुनानक वार्ड सिवनी 06. नफीस खान पिता निसाद खान उम्र 51 साल नि. गुरुनानक वार्ड सिवनी जप्तीः- कुल 5240/- रुपये नकद, 52

# डूंडा सिवनी प्रीमियर लीग का शानदार शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डूंडा सिवनी के ऐतिहासिक मैदान में 09 नवंबर 2028 की सुबह शानदार 2 लीग मैच खेले गए जिसके अंतर्गत शहर में वेटरन्स की चार मशहूर टीमों के मध्य 2 मैच खेले गए। प्रथम मैच सर्वोदय बॉयज और सिंघम 11 के मध्य खेला गया जिसमें पहले बेटिंग करते हुए सर्वोदय बॉयज ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर सिंघम 11 के सामने 86 रन का लक्ष्य रखा पर सिंघम 11 अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई और 8 ओवर में 59 रन पर सीमित रह गई और सर्वोदय बॉयज ने 26 रन से ऐतिहासिक जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच शहर की 2 जानी मानी टीम प्रेस 11 और आर्मी 11 के मध्य खेला गया जिसमें प्रेस 11 ने 10 ओवर में आर्मी 11 के मध्य 93 रन का लक्ष्य रखा जद्दोजहद भरे रोमांचक मुकाबले में आर्मी 11 ने 2 बाल शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। आज के मैच के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष आशीष टिंकू ठाकरे रहे। समिति द्वारा उनके स्वागत के पश्चात मुख्यातिथि श्री ठाकरे ने दोनों मैचों का आनंद लिया और समिति को भविष्य के आयोजन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। शहर के खेल प्रेमी और आगंतुक दर्शकों ने आज के मैच का भरपूर आनंद लिया समिति के मीडिया प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के अंतर्गत कल दिनांक 10 नवंबर 2025 को शानदार के दो शानदार क्लब रूष्टत्र ङ्कह्य ष्ठरू 11 के मध्य खेला जाएगा आप सभी खेल प्रेमी मैच का आनंद लेने के लिए सुबह 7 बजे आमंत्रित है।

# दिल्ली में स्वामी स्वदेशानंद हुए सम्मानित

## साधु यदि बदल गए तो इतिहास बदल जाते हैं - स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



दिल्ली जंतर मंतर में गौ माता के एवं साधु - सन्तों के सम्मान में राष्ट्रीय सेवा संकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रजापति जी के नेतृत्व में तथा अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के प्रमुख उपस्तिथि में तथा अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री श्री 1008 श्री बालकानंद गिरि महाराज, नरेन्द्र मोदी विचार मंच मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सुनील सांखला, मध्यप्रदेश महिला शाखा की महामंत्री एकता तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री भगवाधारी केशव महाराज, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष राकेश झा, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अंग्रेज सिंह, गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पांड्या, महाराष्ट के उपाध्यक्ष प्रज्ञानंद महाराज, छत्तीसगढ़ की महामंत्री साध्वी पद्मिनी जी, दिल्ली महामंत्री महन्त श्री अखिलेश पूरी , उत्तरप्रदेश के महामंत्री शंकर भोला महाराज, महाबली सेना के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अमित शर्मा एवं अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अनेकों साधु सन्तों की गरिमामय उपस्तिथि में बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें देश भर से आए हुए महान साधु संतों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज को ₹करपात्री सन्त₹ सम्मान से सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने, साधु सन्तों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने हम वचन बद्ध हैं जिसके लिए हमने अन्न का त्याग भी कर रखा है। आपने कहा कि साधु सन्तों में हवाओं की दिशा बदलने की शक्ति होती है। स्वामी जी ने कहा कि साधुओं को बदलने की कोशिश मत करना कहीं साधु बदल गए तो इतिहास बदल जाते हैं।

# प्रेस एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न, अध्यक्ष बने अयोध्या विश्वकर्मा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रेस एसोसिएशन ऑफ सिवनी के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार की दोपहर स्थानीय बाहुबली होटल में सम्पन्न हुए। जहां निर्वाचन उपरांत अयोध्या विश्वकर्मा को अध्यक्ष चुना गया गया। ज्ञात हो कि अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी अयोध्या विश्वकर्मा को 52 मत, वाहिद खान को 28 मत व मोनू राकेशिया को 13 मत प्राप्त हुए जहां अयोध्या विश्वकर्मा विजयी घोषित किए गए। वही उपाध्यक्ष के 02 पदों के लिए निर्वाचन प्रत्याशी विनोद दुबे को 57 मत, काबिज खान को 56 मत व महेंद्र शाह 48 मत मिले जहां दो उपाध्यक्ष काबिज खान व महेन्द्र शाह चुने गए। इसी तरह सचिव पद के प्रत्याशी सचिन पिंटू तलवारे को 57 मत व नीरज वर्मा 32 मत प्राप्त हुए जहां पिन्टू तलवरे विजयी घोषित किए गए। सह सचिव 02 पद के लिए प्रत्याशी संदीप लाहोरिया को 49 मत, शुभम शर्मा को 45 मत व अभिनव जैन 62 मत मिले जहां संदीप लाहोरिया व अभिनव जैन विजयी घोषित किए गए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी विनोद यादव को 21 मत व संजू क्रीडिया को 66 को मत मिले जहां संजू क्रीडिया विजयी घोषित किए गए। पत्रकारों ने नव निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है।

# यात्री बस ने ट्रक को मारी टक्कर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गोपालगंज : लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-44 पर गोपालगंज बाईपास के पास रविवार सुबह करीब 8:30 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। नागपुर की ओर जा रही यात्री बस (क्रमांक **MP** 22 **P** 0501) ने ओवरटेक करते समय ट्रक (क्रमांक **PB** 10 **JE** 8825) को पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि बस में सवार किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। बस चालक और हेल्पर को हल्की चोटें आईं,



जिन्हें पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सुखतरा क्षेत्र में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हाल ही में एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा घायल नागपुर में इलाजरत है। लोगों का कहना है कि सुखतरा में किराना दुकानों और ढाबों के सामने बड़े वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध गैस सिलेंडर की भराई भी खुलेआम जारी है, लेकिन संबंधित विभाग मौन है। लोगों ने प्रशासन से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विधिक सेवा की मैराथन दौड़ सम्पन्न

केवलारी / मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय सतीश चंद्र राय के कुशल मार्गदर्शन में तथा तहसील विधिक सेवा समिति केवलारी के तत्वाधान में अजय कुमार अहिरवार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आशीष भरांडे एसडीओपी, शशांक मेश्राम तहसीलदार,प्रीतम सिंह तिलगाम थाना प्रभारी, श्रमजीवी पत्रकार पत्रकार संघ अध्यक्ष रफीक खान,राकेश सिंह राजपूत कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, चौकी प्रभारी पलारी सुनील मरावी, समस्त अधिवक्ता सदस्य गण एवं हायर सेकेंडरी स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आम जनों को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ मैराथन दौड़ का आयोजन कर किया गया. उक्त मैराथन दौड़ नर्मदा लान से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, उगली रोड एवं चांदनी चौक से होकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में समाप्त की गई. समापन पक्ष पश्चात न्यायाधीश श्री अजय अहिरवार ने मैराथन दौड़ में उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक आमजन/ नागरिक को विधिक रूप से साक्षर होना अत्यंत आवश्यक है और छात्र-छात्राएं इसकी प्रारब्ध श्रेणी है।
कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अधिकारी कर्मचारी को टी-शर्ट, टोपी तथा तथा विभिन्न कानूनी योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए. साथ ही मैराथन दौड़ में भाग लिए प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीया स्थान से सत्येंद्र सिसोदिया सहायक ग्रेड-2 न्यायालय केवलारी, डिलेश्वर नाग पैनल लॉयर एवं सुधीर मुंजारे धावक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती विनीता बघेल एनसीसी अफसर, अधिवक्ता द्वय पवन यादव, मोती जंघेला,नीरज जैन,नितिन बघेल, राजकुमार विश्वकर्मा, मिश्रा जी महाविद्यालय शिक्षक,मोती जंघेला, विधिक सेवा समिति कर्मचारी कृष्ण कुमार गजभिए, आशीष चौरसिया,वीरेंद्र राजसिंह,बालक राम डेहरिया एवं राधेश्याम वंदेवार का योगदान रहा.

## रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं का केवीके सिवनी में आगमन

# जबलपुर कृषि महाविद्यालय की 29 छात्राएं सीखेंगी आधुनिक खेती की तकनीकें

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि महाविद्यालय जबलपुर की 29 छात्राओं का आगमन हुआ है। ये छात्राएं आगामी 6 माह तक रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस रूरल कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र में कार्य करेंगी।
कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के निर्देशन में छात्राओं को खेती की उन्नत कृषि तकनीकें सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. के.के. देशमुख सहित वैज्ञानिक डॉ. एन.के. सिंह, डॉ. आर.एस. ठाकुर, इंजी. कुमार सोनी, डॉ. जी.के. राणा एवं डॉ. के.पी.एस. सैनी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
डॉ. बघेल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ग्रामीण परिवेश में किसानों के साथ काम करते हुए खेती की बारीकियों को समझने का अवसर देना है। छात्राएं गांवों में जाकर किसानों की कृषि से जुड़ी समस्याओं का समाधान, नई तकनीकों का प्रचार-प्रसार तथा विस्तार गतिविधियों में सहभागिता करेंगी। इससे उनमें व्यवहारिक अनुभव और आत्मविश्वास का विकास होगा।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ**

रूरल कार्यक्रम के दौरान छात्राएं गांवों में जाकर पानी प्रबंधन, जुताई, बुवाई, कीटनाशक छिडक़ाव, आदि कृषि कार्यों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगी।
वे बीज उपचार, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, केंचुआ खाद उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, अजोला उत्पादन, मशरूम उत्पादन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण लेंगी।
साथ ही ग्रामीण परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर किसानों की आवश्यकताओं को समझने का अवसर भी मिलेगा।

**परियोजना रिपोर्ट और मूल्यांकन**

कार्यक्रम के अंत में छात्राएं अपने अनुभवों और अवलोकनों के आधार पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करेंगी, जिसका मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा।
रूरल का उद्देश्य और महत्व
यह कार्यक्रम छात्रों को ग्रामीण परिस्थितियों, किसानों की समस्याओं और कृषि विस्तार की प्रक्रियाओं से परिचित कराता है। इससे वे व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर भविष्य में कृषि क्षेत्र में करियर के लिए तैयार होते हैं।

# 13 से 17 नवंबर तक बालाघाट में राज्य स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य स्तरीय शालेय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 से 17 नवंबर 2025 तक बालाघाट में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम को पुलिस, परिवहन, नगरपालिका बालाघाट एवं जनजाति कार्य विभाग से समन्वय कर इस प्रतियोगिता के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं।




जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि राज्य स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता के लिए स्थल बालाघाट-गोंदिया नेशनल हाईवे पर ग्राम भमोड़ी से रेंगाटोला के बीच तय किया गया है। प्रतियोगिता का समय प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 तक है। साइक्लिंग प्रतियोगिता 14, 17 एवं 19 वर्षीय बालक एवं बालिकाएं तीन वर्गों में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के 10 संभागों के लगभग 250 खिलाड़ी एवं 50 ऑफिशियल सहभागी होंगे।

04 किलोमीटर लंबाई की इस साइक्लिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 13 नवंबर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में आयोजित होगा एवं मेडल सेरिमनी एवं समापन 17 नवंबर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में ही संपन्न होगा। राज्य स्तर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, नेशनल हाईवे पर यातायात व्यवस्था, आदि तैयारी कर ली गई है।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था उत्कृष्ट विद्यालय के कन्या छात्रावास, जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कराटे हाल एवं डाइट परिसर में की जा रही है। प्रतिभागियों के भोजन की व्यवस्था एमएलबी विद्यालय के हाल में की जा रही है । प्रतियोगिता स्थल पर प्रतिभागियों के पहुंचने के लिए 6 बसों की व्यवस्था की जा रही है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्तावों पर की गई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रथम चरण में चयनित 100 ग्रामों के विकास कार्यों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में 09 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में दूसरे चरण के 100 ग्रामों के लिए भी शीघ्रता से डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्श कांत शुक्ला, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार ने अधिकारियों से कहा कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रथम चरण में चयनित 100 ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर शीघ्र प्रस्तुत किया जाये। जिससे इन प्रस्तांवों को मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार को समय सीमा में भेजा जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सड़कों के सुधार, चौड़ीकरण एवं उन्नयन, पुल-पुलियों का निर्माण, स्कूल, कृषि व उद्यानिकी के विस्तार, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आंगनवाड़ी केन्द्र व उचित मूल्य दुकानों के भवन, बिजली की सुविधा, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, पानी में फ्लोराईड एवं आयरन की समस्या वाले ग्रामों में ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव दिया जाये। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों के भीतर की मुख्य गलियों की सड़कों का निर्माण भी इनमें शामिल किया जाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संचार सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देकर प्राथमिकता से कार्य करना है।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि जो कार्य विभागीय मद से कराये जा सकते हैं उन्हें इनमें शामिल ना किया जाये। इन प्रस्तावों में ऐसे कार्य शामिल किये जायें, जो विभागीय मद एवं योजनाओं से नहीं कराये जा सकते हैं। उन्होंने प्रथम चरण के 100 ग्रामों के बाद अगले चरण 100 अन्य ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में बिजली की सुविधाओं के विस्तार एवं वोल्टेंज की समस्या के निराकरण के लिए 13 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किये गये है। सिंचाई विभाग द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए स्टापडेम निर्माण के प्रस्ताव तैयार किये गये है। पशु पालन विभाग द्वारा पशु शेड निर्माण के प्रस्ताव तैयार किये गये है। मतस्य उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतगर्त तालाब निर्माण एवं बायो फ्लाक के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा नक्स्ल क्षेत्र के ग्रामों के लिए सब्जी व मसाला उत्पादन के लिए ड्रिप सिंचाई व स्प्रिंकलर सेट के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा रजेगांव से लांजी चार लेन सड़क, डाबरी से चौरिया सड़क एवं अन्य सड़कों के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं।

# परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने जख्मी वन्य प्राणी साम्भर के बच्चे को हल्दी तेल से उपचार कर बचाई जान

## वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को सम्पूर्ण मामले की दी सूचना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक घायल सांभर के शावक की जान बचाई। विधायक ने उसे अपने घर लाकर प्राथमिक उपचार दिया। बोतल से दूध पिलाया। वन विभाग ने उसे परीक्षण कर जंगल में छोड़ दिया है।

जानकारी के अनुसार, विधायक मधु भगत बगली पाठ मेले से अपने निवास चरेगांव लौट रहे थे। रात के समय रंगोंपाठ मंदिर के पास सड़क किनारे उन्हें एक घायल सांभर का शावक दिखाई दिया।

विधायक ने तुरंत उसे अपनी गाड़ी में रखवा अपने घर ले आए। घर पहुंचकर उन्होंने हल्दी तेल का लेप लगाकर उसकी प्राथमिक चिकित्सा कर बोतल से दूध पिलाया। रातभर उसकी देखभाल की।

इसके बाद विधायक मधु भगत ने घटना की जानकारी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही दक्षिण सामान्य वन मंडल के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक दल और सहायक पशु चिकित्सक विधायक निवास चरेगांव पहुंचे।

वन अमले ने घायल सांभर की स्थिति का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। सहायक पशु चिकित्सक ने सांभर के घावों की जांच की और उसका उपचार जारी रखा। वरिष्ठ वन अधिकारियों और जिला पशु चिकित्सक के निर्देशानुसार, सांभर के बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने पर उसे सुरक्षित रूप से जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

विधायक मधु भगत ने इस घटना पर कहा कि जख्मी वन्यप्राणी को देखकर उन्होंने उसे तत्काल सहायता प्रदान की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि अब सांभर का बच्चा स्वस्थ है और वन विभाग की देखरेख में अपने प्राकृतिक वातावरण में लौट गया है।

# प्राचार्य को नोटिस, स्टूडेंट्स को परीक्षा नहीं देने दी थी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समग्र आईडी में छोटी सी गलती की वजह से अर्धवार्षिक परीक्षा में बैठने से रोक दिए गए दो स्टूडेंट्स को राहत मिली है। मामला सामने आते ही कलेक्टर मृणाल मीणा ने तुरंत एक्शन लिया और अब इन दोनों बच्चों को वापस स्कूल में पढ़ने और परीक्षा देने की इजाजत मिल गई है।

यह पूरा ड्रामा 3-4 नवंबर को हुई परीक्षा से जुड़ा है। भीड़ी के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल साहब ने समग्र आईडी में गलती का बहाना बनाकर एक बच्ची और देवराज उइके नाम के एक लड़के को परीक्षा हॉल में घुसने ही नहीं दिया। हद तो तब हो गई जब स्कूल ने उस बच्ची से योजना के तहत मिली साइकिल भी वापस ले ली।

परीक्षा छूटने के बाद बच्ची इतनी निराश हो गई कि उसने स्कूल जाने के बजाय खेत में धान के बोझे बांधना शुरू कर दिया और देवराज भी घर पर मायूस बैठा था। इस लापरवाही पर गांव वालों और बच्चों के पेरेंट्स ने स्कूल मैनेजमेंट पर जमकर गुस्सा निकाला। उनका साफ कहना था कि स्कूल ने आईडी सुधरवाने में मदद नहीं की और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।

जब यह बात कलेक्टर तक पहुंची, तो उन्होंने तुरंत मामले को अपने हाथ में लिया। कलेक्टर के निर्देश पर आदिवासी विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने न सिर्फ स्कूल के प्रिंसिपल को कड़ा नोटिस थमाया है, बल्कि बच्चों को सबसे बड़ी राहत दी है।

सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने बताया, ₹कलेक्टर साहब के कहने पर दोनों बच्चों को परीक्षा में बैठने की परमिशन दे दी गई है और वे अब एग्जाम दे रहे हैं। और हां, बच्ची की साइकिल भी उसे वापस लौटा दी गई है।

# डीएफओ के आरोप पर क्लीनचिट, विधायक अनुभा की हुई जीत!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में महिला डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के विधायक अनुभा मुंजारे पर लगाए गए रकम मांगने के आरोप की जांच पूरी हो गई है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है, जिससे विधायक मुंजारे को क्लीनचिट मिल गई है।

डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने आरोप लगाया था कि 16 अगस्त को विधायक मुंजारे ने उन्हें वन विभाग के रेस्ट हाउस में मिलने बुलाया था। मुलाकात के दौरान विधायक ने उनसे दो से तीन पेटी रकम की मांग की थी।

एक आईएफएस अधिकारी के लगाए गए इन गंभीर आरोपों के बाद बालाघाट की राजनीति में हलचल मच गई थी। यह घटना 16 अगस्त को हुई थी, लेकिन 3 सितंबर को सामने आने के बाद जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई।

विधायक अनुभा मुंजारे ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। वहीं, भाजपा ने विधायक को भ्रष्ट बताते हुए नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा ने इस मुद्दे पर रैली निकालकर आंदोलन भी किया था।

कांग्रेस विधायक पर लगे इन आरोपों की गूंज भोपाल तक पहुंची। मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्रालय ने मामले की जांच के आदेश दिए।

वन विभाग के मुख्य सचिव अतुल कुमार मिश्रा ने राज्यपाल की अनुमति से एक दो सदस्यीय जांच टीम का गठन किया। इसमें 1997 बैच की अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक कमलिका मोहन्ता और 2010 बैच की वन संरक्षक अंजना सुचिता तिर्की को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। टीम को दो सप्ताह के भीतर राज्य शासन को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था।

जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बालाघाट के फॉरेस्ट हाउस में डीएफओ नेहा श्रीवास्तव से दो-तीन पेटी रकम मांगने के विधायक अनुभा मुंजारे के खिलाफ लगाए गए आरोप की किसी भी गवाह ने पुष्टि नहीं की है। इस रिपोर्ट के बाद, विधायक अनुभा मुंजारे को इस मामले में क्लीनचिट मिल गई है।

### वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 07 नवम्बर को महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो) के नेतृत्व में ''वंदे मातरम्'' के 150 वर्ष राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के संबंध में कार्यक्रम ''वंदे मातरम्'' गीत के साथ प्रारंभ किया गया। क्रीडा अधिकारी विकास साहू द्वारा ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के अन्तर्गत राष्ट्र गीत और स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक वर्णन एवं देश भक्ति की भावना के साथ प्रत्येक युवा को भारत की स्वतंत्रता की राह पर अग्रसर हेतु प्रेरित किया गया।

## चौखंडी में सागौन वन के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

### दो बच्चों के पिता की मौत, युवक गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चौखंडी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस सड़क हादसे में दो बच्चों के पिता की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक 26 वर्षीय युवक गंभीर रुप से घायल हुआ है जिसका महाराष्ट्र के तुमसर तहसील में उपचार जारी होने की जानकारी मिली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार की शाम करीब 06 बजे चौखंडी में सागौन वन के पास दो बाइक की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई।



इस हादसे में राजू पिता सोहदू पंचेश्वर उम्र 37 वर्ष निवासी चिकमारा की मौत हो गई। वहीं चौखंडी निवासी देवानंद पिता रामचंद ढुमरउके उम्र 26 वर्ष गंभीर रुप से घायल हुआ है। सड़क हादसे के बाद दोनों को संजीवनी 108 से सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया था। जहां चिकित्सक ने राजू को मृत घोषित किया। रविवार की सुबह 11 बजे राजू के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। राजू दो बच्चों का पिता है जिसकी मौत के बाद परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि राजू शाम को अपने घर से धनकोषा जाने के लिए निकला था और चौखंडी में सड़क हादसे का शिकार हो गया।

### कुम्हारी में शिविर लगाकर दी गई समाधान योजना की जानकारी

**बालाघाट।** 09 नवंबर को बालाघाट वृत्त अंतर्गत भरवेली विवरण केंद्र में अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कुम्हारी में समाधान योजना की जानकारी एवं लाभ के क्रियान्वयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं लगभग 30 उपभोक्ताओं को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई समाधान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत के 150 उपभोक्ताओं में से 05 उपभोक्ताओं द्वारा योजना का लाभ भी लिया गया। संबंधित क्षेत्र के सरपंच को लाभार्थियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई।

# आर्ट ऑफ लिविंग का यूथ स्पेशल "हैप्पीनेस शिविर" सफलतापूर्वक सम्पन्न

## पीजी कॉलेज, बालाघाट में युवाओं ने सीखे—सजगता, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के बालाघाट केंद्र द्वारा 27 से 30 नवंबर तक JSTPG कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में चार दिवसीय यूथ स्पेशल हैप्पीनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कॉलेज प्रबंधन तथा डॉ. योगेश विजयवार के मार्गदर्शन में एडआँन स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रबंधन के तहत प्रतिदिन सुबह 06:30 से 09:30 बजे तक संचालित हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन, सजगता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के अनुसार—

"हिंसा रहित समाज, रोगमुक्त शरीर, भ्रम रहित मन, शंका रहित बुद्धि और प्रसन्न आत्मा — हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है।"

इसी सोच के अनुरूप "यश प्लस कोर्स" में युवाओं को जीवनोपयोगी व्यवहारिक कौशल सिखाए गए, जिनमें शामिल हैं एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का विकास,संबंधों में मधुरता,नेतृत्व कौशल,तनाव में कमी,सजगता और मानसिक स्पष्टता,अध्ययन एवं कार्यक्षमता में सुधार होता है ।

आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आशीष पटेल ने बताया कि शिविर में सिखाई जाने वाली प्राणायाम, ध्यान, योग और विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया से—तनाव, भय और अवसाद में कमी मन में शांति और शरीर में ऊर्जा,भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच,श्वसन तंत्र व रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि,एकाग्रता व स्मरण शक्ति में सुधार,चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रतिभागियों में विकसित होती है ऐसे अनेक महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना महामारी के बाद लोग जिस श्वास और ऑक्सीजन के महत्व को समझ पाए, वही ज्ञान गुरुदेव वर्षों से सिखा रहे हैं। सुदर्शन क्रिया आज वैज्ञानिक शोधों द्वारा सिद्ध "मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को स्थिर रखने वाली सर्वोत्तम प्रक्रिया" मानी जाती है।

# खैरलांजी में शिक्षक कांग्रेस संघ ने विधायक पटेल का किया सम्मान

## शिक्षक समाज का आईना होता-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शिक्षक कांग्रेस संघ खैरलॉजी द्वारा दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक विवेक पटेल का शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा ढोल, नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ स्वागत कर मंच तक ले जाया गया। जहॉ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। फिर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विधायक विवेक विक्की पटेल का पुष्प गुच्छ, पुष्प माला, शाल व श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल द्वारा बाबा साहेब आंबेडक व रानी दुर्गावती की प्रतिमा माल्यार्पण किया।

### शिक्षकों के आशीर्वाद से मै बना विधायक- विवेक पटेल

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं शिक्षकों के साथ बैठा हूॅ। विधायक बनने में शिक्षक का सबसे ज्यादा योगदान रहा हैं, शिक्षकों का स्थान समाज में श्रेष्ठ होता है, शिक्षक समाज का आईना होते है। शिक्षक हमें ज्ञान और अनुशासन सिखाते है। मेरे दादा जी भी शिक्षक थे, मेरे पिताजी कृषि विभाग में अधिकारी थे, आज उन्हीं के आशीर्वाद से मै राजनीति में आया हूॅ। मेरे जीवन का भविष्य संवारने में शिक्षक का आशीर्वाद है। शिक्षकों को कोई भी समस्या होती हैं, मै उन्हें दूर करने का प्रयास करता हूॅ। शिक्षक वो पद हैं, जो शिक्षा के दौरान भी और सेवानिवृत्त होने के बाद भी सम्मान पाता है। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को मेरे द्वारा विधानसभा में भी उठाया गया है।



मै जब नगरपालिका अध्यक्ष था, उस समय भी मेरे द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया था और आगे कोई भी समस्या शिक्षकों को आयेगी, तो मै हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। चुनाव के पूर्व हमने कहा था कि हमारी सरकार बनते ही ओल्ड पेंशन लागू करेंगे, मगर दुर्भाग्य रहा कि कांग्रेस की सरकार नहीं बनी। अगली बार जरूर प्रदेश और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी और सबसे पहले ओल्ड पेंशन लागू करेंगे। मेरे द्वारा क्षेत्र के कुछ स्कूल के उन्नयन को लेकर विधानसभा प्रश्न लगाया गया है और मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा गया है। शीघ्र ही इन स्कूलों के उन्नयन की संभावना है।

इस दौरान खैरलांजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार, शिक्षक संघ के संभाग उपाध्यक्ष जयनारायण बिसेन, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र दरवडे, तहसील अध्यक्ष चन्द्रकिशोर मेश्राम, अजय मर्सकोले, रमेश विजयवार, दिलीप नगपुरे, अनिल गौतम, भरत लिल्हारे, प्रमोद गौतम, चेतेश्वर बिसेन, संजय मेश्राम, शैलेश मेश्राम, बसंत चौधरी, विकास टेंभरे, श्रीमती देवीरूपा देशमुख, विभूति सहारे, माया आमाडारे, सीमा भगत, रामेश्वरी उईके, कांता दमाहे, गीता उइके, ममता मेश्राम सहित शिक्षक शिक्षिकाएॅ मौजूद रहे।

# श्री गोस्वामी देवस्थान टेकाडीघाट में पांच दिवसीय मेला का आयोजन कल से

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकाडीघाट सुकडीघाट में श्री गोस्वामी देवस्थान मेला समिती के तत्वावधान में पांच दिवसीय मेले की शुरुआत 11 नवंबर से होगी । जो 16 नवंबर तक चलेगा। लगातार 85 वर्षो से गोस्वामी बाबा देवस्थान में श्रदालुओ के मेला आयोजित किया जा रहा है । इस.दौरान देवस्थान में दूर दराज से श्रदालुगंण पहुंच कर गोस्वामी बाबा की विधि-विधान अनुरूप पूजा-पाठ करते है। और सबके सुख समृद्ध और कुशहाली के लिए प्रार्थना करते है । बताया गया की इस दौरान मेला उत्सव समिती के द्वारा मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। मेले की शुरुआत के अवसर पर 11 नवंबर मंगलवार को श्री गोस्वामी बाबा की श्रदालुओ के द्वारा भक्तिभाव से आराधना व पूंजा वंदन एंव रात्री में जागृति ।12 नवंबर बुधवार को दोपहर में दहीकाला ,पुजा व रात्री में कीर्तन। 13 नवंबर को छत्तीसगढ सांस्कृतिक कार्यक्रम ।14 नवंबर को दुय्ययम शायरी । 15 नवंबर को कवि सम्मेलन तथा 16 नवंबर रविवार को दुय्ययम तीन मंजिला डंडार का शानदार कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मेले में श्रदालुओ पहुंचकर भक्तिभाव से गोस्वामी बाबा की आराधना करते है और सबके कल्याण के लिए प्रार्थना करते है। समिति के अध्यक्ष निलाजी ऐडे, उपाध्यक्ष टेकलाल पटेल क्षीरसागर, कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज पटले, सचिव भूपेंद्र साहरे सहित अन्य ग्रामीणजनो का सहयोग प्रदान होगा।